एक नजर में

महिला दिवस पर कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन

पिपरिया शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं कॉलेज के मेंटल हेल्थ वेलनेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट दिशा चांडक रहीं। विशिष्ट अतिथियों में गणित विभाग, एमजीएम कॉलेज इटारसी प्रो. रश्मि तिवारी ,मंगलवारा थाना एसआई मोनिका सिंह तथा पटवारी दुर्गेश नंदिनी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ, जिसे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एस.के. मेहरा एवं सभी अतिथियों द्वारा संपन्न किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एस.के. मेहरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि दिशा चांडक ने महिलाओं को अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे समाज में सशक्त होकर आगे बढ़ सकें। प्रोफेसर रश्मि तिवारी ने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला.

महंगाई के विरोध में कांग्रेस सड़क पर

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने केंद्र सरकार पर लगातार महंगाई बढ़ाकर आम लोगों की परेशानी बढ़ाने का आरोप लगाया।

नवभारत न्यूज

इटारसी, 10 मार्च. इटारसी में नगर कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में हुई बढ़ोतरी के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने थाना परिसर से जयस्तंभ चौक तक पैदल मार्च निकाला और प्रदेश, केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में गैस सिलेंडर लेकर बढ़ती महंगाई के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। मार्च के बाद जयस्तंभ चौक पर उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से चूल्हे पर चाय बनाकर आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ पर नाराजगी जताई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने केंद्र सरकार पर लगातार महंगाई बढ़ाकर आम लोगों की परेशानी बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हालात सामान्य हैं, तो घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपए की बढ़ोतरी क्यों की गई। पांडेय ने कहा कि इस बढ़ोतरी से आम परिवारों पर भी असर पड़ेगा। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ने भी सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश दोनों कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं, जिसका असर अब आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी ने मध्यम और गरीब वर्ग के सामने नई परेशानी खड़ी कर दी है।कांग्रेस उपाध्यक्ष केलू ने बताया कि चिकित्सा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में खर्च बढ़ने के साथ ही रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर भी महंगाई का असर दिखाई दे रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि गैस सिलेंडर के बाद पेट्रोल और अन्य पेट्रोलियम पदार्थों के दाम भी बढ़ सकते हैं, जिससे आम लोगों की परेशानी और बढ़ेगी। इस मौके पर पंकज राठौर, गुफरान अंसारी, शरद बामने, ओम सेन, बल्ला यादव, भरत राजपूत, राजेंद्र गोस्वामी, अमल सरकार, सोनू बकोरिया, प्रवीण गांधी, कृष्णा अहिरवार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी 77 जनमानस की समस्याएं

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/10,मार्च,2026/ कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा -निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने 77 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराई। इस दौरान नागरिकों द्वारा राजस्व, रास्ता विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध अतिक्रमण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों में से कई मामलों का निराकरण मौके पर ही कराया, वहीं अन्य प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का शीघ्र और ठोस समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु जैन, एडीएम श्री अनिल जैन, अपर कलेक्टर श्री बृजेंद्र रावत, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती नीता कोरी आदि उपस्थित थे.

नरवाई जलाना अपराध, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

खिरकिया, 10 मार्च.एसडीएम खिरकिया सुश्री शिवांगी बघेल की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद पंचायत के सभागार में विकासखण्ड खिरकिया के सभी पटवारी, सचिव एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों की नरवाई न जलाने के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी सुश्री बघेल ने पटवारियों को निर्देश दिए कि ग्राम में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई जाए, ग्रामीणों की बैठक लेकर उन्हें नरवाई न जलाने हेतु समझाएं।

उन्होने बताया कि नरवाई

जमीन की उर्वरा शक्ति लगातार कम होती जा रही है, फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका उचित प्रबंधन करें . नरवाई जलाना दंडनीय अपराध है .

जलाने से पर्यावरण के साथ साथ मानव जीवन पर काफी गलत असर पडता है। बैठक में एसडीएम सुश्री बघेल ने कहा कि नरवाई जलाना दंडनीय अपराध है, उल्लंघन करने पर सम्बंधित के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने सचिवो को भी निर्देश दिए कि ग्राम में पानी के टैंकर भरकर रखें ताकि कोई अप्रिय स्थिति में उन टेंकर्स का उपयोग किया जा सके। बैठक में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री टी. आर. चौहान ने बताया कि ये ध्यान रखे कि हार्वेस्टर में 'सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम' (एसएमएस) का उपयोग अनिवार्य है।

बिजली की डीपी के आसपास कचरा न रहे ताकि स्पार्किंग से कोई घटना न हो। ग्राम के मुख्य चौराहे पर नरवाई न जलाने के सम्बंध में स्लोगन लिखवाएं। उन्होने बताया कि जमीन की उर्वरा शक्ति लगातार कम होती जा रही है, फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका उचित प्रबंधन करें।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कल

हरदा, 10 मार्च जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में 12 मार्च को आयोजित की गई है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सुश्री सोनम वाजपेयी ने बताया कि यह बैठक शाम 4 बजे से होगी। बैठक में मूंग सिंचाई के लिये नहर में जल प्रवाह छोडे जाने की तिथि तथा पानी की मांग के निर्धारण, मूंग सिंचाई हेतु कृषि विभाग द्वारा की जा रही तैयारियां तथा फसल चक्र संबंधी सुझाव एवं सिंचाई के लिये विद्युत आपूर्ति जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

कृषि विज्ञान मेले में किसानों को दी कृषि तकनीक

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 10 मार्च. सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन मंगलवार 10 मार्च 2026 को कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर, बनखेड़ी में पिपरिया विधानसभा के लोकप्रिय विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए किसान भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बनखेड़ी नगर पालिका के अध्यक्ष श्री हरीश मालानी, श्री नवल रघुवंशी, श्री सर्वज्ञ दीवान, भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास गोविंदनगर के उपाध्यक्ष श्री उम्मेद सिंह पटेल, श्री मकरन सिंह पटेल, सहसचिव श्री केशव माहेश्वरी, सदस्य श्री भूपेन्द्र सिंह पटेल, विशेष आमंत्रित सदस्य श्री विवेक महेश्वरी, श्री अनिल बारोलिया, कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल, न्यास के प्रबंधक श्री धर्मेन्द्र गुर्जर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सदस्य (मृदा विज्ञान) श्री नीतिराज पटेल, उपसंचालक कृषि डॉ.रविकांत सिंह, उप परियोजना संचालक आत्मा श्री गोविंद मीना, कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक खांडे, प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संजीव कुमार गर्ग तथा कृषि एवं विभिन्न विभाग से पधारे अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्तिथ रहे साथ नर्मदापुरम के विभिन्न विकास खंडो से आए हुए किसान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए. कार्यक्रम की शुरुआत में उपसंचालक कृषि डॉ. रविकांत सिंह ने कार्यक्रम का परिचय एवं रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस कृषि विज्ञान मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों के बीच उन्नत कृषि तकनीकों का प्रसार, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देना आदि है.

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

जाहिर आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा इटारसी के समक्ष पूजा मेहरा पत्नि मनीष मेहरा एवं मनीष मेहरा आत्मज अर्जुन सिंह मेहरा एवं उषा मेहरा पत्नि अर्जुन सिंह मेहरा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति परिवर्तित क्षेत्र शहर इटारसी प्लाट नं. एचआईजी प्लाट नं. 02 स्कीम नं. 01 रकबा 2400 वर्गफुट जिसके पूर्व में खुली भूमि पश्चिम में 6 मीटर रोड उत्तर में एचआईजी प्लाट नं. 01 दक्षिण में एचआईजी प्लाट नं 03 जो शिक्षक नगर न्यास कॉलोनी इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम (होशंगाबाद) म.प्र. में स्थित है। को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा इटारसी के पक्ष में बंधक प्रभारित कर प्रदत्त गृह ऋण सुविधा की गारंटी स्वरूप बंधक प्रभारित कर रहे है। उक्त संपत्ति विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराकर कब्जा व आधिपत्य प्राप्त कर उपयोग कर रहे है उक्त विक्रय पत्र की लिंक लीजडीड दिनांक 27/02/2003 पुस्त कमांक - 1 ग्रंथ कमांक 740 पृष्ठ क्रमांक 85-95 दस्तावेज कमांक 1182 जो पट्टादाता मु.न.अ. नगरपालिका परिषद इटारसी ने पट्टाग्रहिता श्री कृष्ण मूर्ति आत्मज वेंकटरमन को निष्पादित की थी उक्त लिंक लीजडीड गारंटर / स्वामी से गुम गये है जिसकी प्रथम सूचना प्रतिवेदन उनके द्वारा दर्ज करा दी गई है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, वारिस, उत्तराधिकारी, बैंक, सोसायटी, नजूल, राजस्व म.प्र. शासन, शासकीय अथवा अशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार, विलियन अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद उक्त संपत्ति/लिक लीजडीड पर हो तो यह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय अथवा बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा इटारसी में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति दर्ज करावें। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तत्पश्चात मेरा पक्षकार बैंक आफ बडौदा शाखा इटारसी उक्त संपत्ति के संपूर्ण ओरिजनल दस्तावेज एवं लिंक लीजडीड की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त कर बंधक प्रभारित कर ऋण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही कर ऋण प्रदान करेगा जिस पर कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक 10/03/2026
स्थान - इटारसी

भवदीय
एन. के साहू अधिवक्ता,
निधि चौहान, अधिवक्ता
सेन्ट्रल बैंक के सामने, इटारसी, मो. नं. 9425040080

संक्षिप्त समाचार

नारी शक्ति सम्मान समारोह में 31 महिलाओं का हुआ सम्मान

नर्मदापुरम/10,मार्च,2026/ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुस्कान संस्था के सहयोग से नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली करीब 31 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा एवं उप संचालक आदिम जाति विभाग आशा मौर्य उपस्थित रहीं। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 6 मार्च से लगातार सांस्कृतिक, सामाजिक एवं विधिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज इन कार्यक्रमों के समापन दिवस पर नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित कर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया है। मुस्कान संस्था की ओर से अंशिका रुद्रांश सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था हमेशा समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही है और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सहयोग निरंतर जारी रहेगा।

सांसद ने रेल मंत्री से की मुलाकात

लोकसभा क्षेत्र में रेलवे विकास और ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने का किया आग्रह

पिपरिया - लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने नई दिल्ली संसद भवन स्थित रेल मंत्रालय कार्यालय में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य भेंट कर लोकसभा क्षेत्र में रेलवे से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। सांसद चौधरी ने क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों के विकास, यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार तथा महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के अनेक नागरिक, किसान, विद्यार्थी एवं व्यापारी रेल सेवा पर निर्भर हैं, इसलिए स्टेशनों पर बेहतर सुविधाएं और अधिक ट्रेनों के ठहराव से क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। सांसद ने रेल मंत्री के समक्ष रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता, पेयजल, प्रतीक्षालय, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ करने का भी आग्रह किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद द्वारा रखे गए सुझावों और मांगों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विषयों पर सकारात्मक विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। सांसद चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं का विस्तार होगा और यात्रियों को बेहतर रेल सेवाएं प्राप्त होंगी।

महिला को जान से मारने की धमकी दी

पिपरिया स्टेशन रोड पुलिस ने बैनर्जी कालोनी की महिला द्वारा एक व्यक्ति द्वारा गाली गलौज व जान से मारने की शिकायत की । बैनर्जी कालोनी निवासी संगीता मेहरा पति प्रेमनारायण मेहरा उम्र 24 साल ने पुलिस को बताया कि विकास रघुवंशी निवासी बनवारी रोड ने मेरे घर के सामने बैनर्जी कालोनी में गाली गलौज की व कहा कि मुझसे पंगा लेगी और मुझे व मेरे पति को बंदूक गोली से मारने की धमकी देने लगा। मैने मना किया तो मेरे बाल पकड कर खीच दिया उसी समय मेरा भाई राजकुमार आ गया जिसने बीच बचाव किया । पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

पारिस्थितिक कूटनीति से विश्व का मार्गदर्शन कर रहा है भारत - माया नारोलिया

नर्मदापुरम/10,मार्च,2026/ राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने उच्च सदन में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान मोदी सरकार की नीतियों का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत केवल अपनी सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि पारिस्थितिक कूटनीति के माध्यम से संपूर्ण विश्व को पर्यावरण संरक्षण की नई दिशा दिखा रहा है। बजटीय दूरदर्शिता और ठोस कार्ययोजना बताते हुए सदन को संबोधित करते हुए श्रीमती नारोलिया ने पिछले एक दशक में हुए क्रांतिकारी बदलावों के आंक? प्रस्तुत किए। उन्होंने तुलनात्मक विवरण देते हुए बताया कि वर्ष 2012-13 में जहाँ इस मंत्रालय का बजट मात्र 2,430 करोड़ था, वहीं 2026-27 के लिए इसे बढाकर 3,759 .46 करोड़ कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वृद्धि केवल वित्तीय विस्तार नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का परिचायक है। मध्य प्रदेश का वैश्विक मान इंदौर की उपलब्धि पर सांसद नारोलिया ने विशेष रूप से मध्य प्रदेश की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि 2014 में देश में केवल 26 रामसर स्थल (आर्द्रभूमि) थे.

ग्राम मझली के ग्रामीणों ने डीपी बदलने की शिकायत की

नवभारत न्यूज

हरदा, 10 मार्च. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। जनसुनवाई में हरदा निवासी राजकुमार चन्द्रवंशी ने कलेक्टर श्री जैन को खाद्यान्न पात्रता पर्ची बनवाने के लिये आवेदन दिया, जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदक की पात्रता अनुसार पात्रता पर्ची बनवाने के निर्देश दिये। ग्राम चिराखान के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर खेल मैदान के लिये शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर उन्होने वन मण्डलाधिकारी को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

विकास खण्ड उत्कृष्ट बालिका छात्रावास हरदा की कर्मचारियों ने आवेदन देकर समय पर भुगतान न होने तथा अधूरा भुगतान करने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को आवेदिकाओं की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई में ग्राम मझली के ग्रामीणों ने आवेदन देकर जली हुई डीपी बदलवाने की मांग की, जिस पर महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। हरदा निवासी विजय वर्मा ने जनसुनवाई में आवेदन देकर बिजली बिल अधिक आने के संबंध में शिकायत की, जिस पर महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

ग्राम बम्हनगांव निवासी संतोष राजपूत ने आवेदन देकर सोयाबीन फसल की राहत राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये.

अनहद का कवि सम्मेलन सम्पन्न

पिपरिया, 10 मार्च अनहद का कवि सम्मेलन रंगपंचमी पर मंगलवारा चौराहा पर सम्पन्न हुआ। विधायक ठाकुरदास नागवंशी, न.पा.अध्यक्ष नीना नागपाल, मार्शल बमोरिया, दिलीप पालीवाल, सुधा सिलावट, ममता नागवंशी, मृदुलता पालीवाल, संस्था के वरिष्ठ सदस्य ओम गुरू चौहान, शिवकुमार गुप्ता, नीलम पचौरी व कवियों ने मां सरस्वती जी के चित्रपट सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। नेत्रहीन कवि शायर अकबर ताज खण्डवा ने कौमी एकता पर अपने शायराना अंदाज में कविता पाठ कर कवि सम्मेलन को गगन चुम्बी ऊंचाईयां दी, तो सरिता सरोज नागपुर ने इन ऊंचाईयों को गीत गजल से श्रृंगारित किया। दिनकर पाठक सीधी ने गीतों की समा बांधकर श्रोताओं को भावभिवोर किया।

किसानों की समस्या हल नहीं हुई तो होगा आंदोलन

नवभारत न्यूज

इटारसी, 10 मार्च. भाजपा सरकार की वादाखिलाफी और किसानों को मात्र 40 रुपये का 'लॉलीपॉप बोनस' देने के विरोध में आज युवा कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। युवा नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की मांगें पूरी नहीं हुईं, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी ने कहा कि सरकार ने 40 रुपये का बोनस देना किसानों का अपमान है। वादे के अनुसार 2700 रुपये प्रति क्विंटल पर सरकारी खरीदी होनी चाहिए, प्रदेश महासचिव अक्षय जायसवाल ने मूंग की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा जल्द से जल्द करने की मांग उठाई। युवा कांग्रेस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बेस ने नरवाई प्रबंधन को लेकर किसानों से चर्चा कर उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। वि.स. अध्यक्ष, युवा कांग्रेस सौम्य दुबे ने कहा, समस्याएं हल नहीं हुईं तो युवा कांग्रेस और किसान मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन में ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष आनंद पटेल, प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार केलू उपाध्याय आदि थे.

In The Court Of I Civil Judge, Class-I and Chief Judicial Magistrate
District Court, Harda
Presiding Officer: लवकेश सिंह
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहित 1,900 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(RCS A /0000190/2024)
मनीष वाजपेयी ....वादी
V/s
लक्ष्मीकांत मिश्रा .....प्रतिवादी
PNO - 881/2026
Process Id - /2026
पेशी दिनांक - 16.04.2026
प्रेषिती-(1) सर्वसाधारण पता - पता सर्वसाधारण जिला हरदा
यह कि प्रार्थी मनीष वाजपेयी ने आपके विरूद्ध आर सी ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 24 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है
न्यायालय की मुद्रा
न्यायाधीश
लवकेश सिंह
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड हरदा जिला हरदा मप्र
टिप्पणी - समंस एवं प्रकाशन
कृपया ध्यान दें - यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा.

प्ररूप - 28
नियम 91(1)(क)(ii)
आफलाईन-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारुप
मध्यप्रदेश शासन

कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर जिला नर्मदापुरम (म0प्र0)

एन.आई.टी.संख्या 372 / आनलाईन — दिनांक 03.02.2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन निविदा मानदंडो को पूरा करने वाले ख्याति प्राप्त ठेकेदार/फर्म से आनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है :

//निविदा आमंत्रण सूचना//

क्रं	कार्य की अंतिम समयावधि	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	अमानत राशि	कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र की कीमत
1.	31.03.2026 2026_UAD_486836_1	Selection of an Agency for Development of lot-based for door-to-door waste system municipal solid collection transportation and Processing under jurisdiction of Nagar parisllad Achagpur	9800000.00	75000.00	12 माह	10000.00

शर्तें- 1 बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 03.02.2026 से 31.03.2026 तक आनलाईन क्रय किये जा सकते है।
2. एन.आई.टी. में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।

श्रीमति लता यशवंत पटैल	श्रीमति शबाना बी बसीम खान	श्री ब्रजेश खानोरकर	श्री धर्मेंद्र शर्मा
अध्यक्ष	सभापति	उपयंत्री	मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपरिषद सोहागपुर	नगरपरिषद सोहागपुर	नगरपरिषद सोहागपुर	नगरपरिषद सोहागपुर